**कार्यकारी आदेश 2022-17**
**(COVID-19 कार्यकारी आदेश सं. 110)**

**जबकि**, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

**जबकि**, मार्च 2020 की शुरुआत से ही, इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है, जो असाधारण रूप से बीमारी एवं जनहानि का कारण बनी है, तथा 3, 528,000, से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और इसने 34, 300 से अधिक निवासियों की जान ले ली है; और,

**जबकि**, जैसे इलिनॉय कोरोनावायरस रोग 2019 (COVID-19) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का सामना करना जारी रखता है, जो कि एक बिलकुल नया, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से तेज़ी से फैलता है, इससे संपूर्ण राज्य के निवासियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, प्रथम उत्तरदाताओं और सरकारों पर जो भारी दबाव पड़ा है वह अभूतपूर्व रहा है; और,

**जबकि**, महामारी के दौरान कई प्रकार सामने आए हैं और प्रत्येक प्रकार का अलग-अलग संचरण क्षमता और गंभीरता की डिग्री के साथ उभरना जारी है; तथा,

**जबकि,** इस महामारी में भविष्य में क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी करना एक कठिन काम है, और सामाजिक दूरी,चेहरे को ढंकना और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियों जैसे उपाये COVID-19 के प्रसार को धीमा करके उसे रोक रहें हैं; तथा,

**जबकि**, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) ने K-12 सेटिंग्स सहित यूनिवर्सल इनडोर मास्किंग के लिए अपनी सिफारिश को हटाने के लिए 25 फरवरी, 2022 को संशोधित मार्गदर्शन जारी किया है; और,

**जबकि**, उस मार्गदर्शन ने COVID-19 से ग्रस्त अस्पताल में दाखिले, इनपेशेंट बेड की उपलब्धता और COVID-19 मामलों की संख्या के आधार पर सामुदायिक COVID-19 स्तरों का आकलन करने के लिए एक ढांचा प्रदान किया है; और,

**जबकि,** अब CDC का मार्गदर्शन केवल उन समुदायों में यूनिवर्सल मास्किंग की सिफारिश करता है जिनमें COVID-19 का स्तर अधिक है; और,

**जबकि,** CDC यह सलाह देना जारी रखता है कि कुछ सामुदायिक सेटिंग्स, जैसे कि स्कूल और उच्च-जोखिम वाली सामूहिक सेटिंग्स को उन सेटिंग की विशेषताओं के आधार पर और प्रकोप की स्थिति में रोकथाम की अतिरिक्त पड़ावों की आवश्यकता हो सकती है; और,

**जबकि,** राज्य के आदेश के बिना भी, K-12 स्कूल, चाइल्डकैअर सुविधाएँ, और अन्य सेटिंग्स सामुदायिक COVID-19 स्तर और सेटिंग की अन्य विशेषताओं के आधार पर लोगों द्वारा फेस मास्क पहनने की आवश्यकता का चयन कर सकते हैं; और,

**जबकि,** COVID-19 के टीके COVID-19 रोग, विशेष रूप से गंभीर बीमारी और मृत्यु को रोकने में प्रभावी हैं, लेकिन आबादी का एक हिस्सा बिना टीकाकरण के है और कुछ निवांसी, जिनमें छह महिने से छोटे बच्चे भी शामिल हैं, अभी तक टीका प्राप्त करने के योग्य नहीं हुए हैं; तथा,

**जबकि,** कुछ नियोक्ताओं ने सामूहिक सौदेबाजी समझौतों में प्रवेश किया है, जिसके लिए अन्य शमन उपायों के अलावा, व्यक्तियों को कुछ सेटिंग्स में फेस मास्क पहनने की आवश्यकता होती है; और,

**जबकि,** CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि जब समुदाय COVID-19 का स्तर अधिक होता ह तब जो व्यक्ति प्रतिरक्षित हैं या गंभीर बीमारी के लिए उच्च जोखिम पर हैं, वे सार्वजनिक रूप से घर के अंदर एक अच्छी तरह से फिट होने वाले मास्क को पहनने पर विचार करै; और,

**जबकि,** CDC यह सिफारिश करना जारी रखता है कि लक्षण वाले लोग, पॉजिटिव टेस्ट वाले लोग, या COVID-19 वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोग मास्क पहनें; और,

**जबकि,** व्यक्ति स्वयं को या अपने इर्द-गिर्द के व्यक्तियों को COVID-19 के प्रसार के विरुद्ध संरक्षित करने के लिए मास्क पहन सकते हैं; और

**जबकि**, CDC मार्गदर्शन ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि जो व्यक्ति COVID-19 टीकाकरण के मामले में अप-टू-डेट नहीं हैं, या जो COVID-19 संक्रमण होने के 90 दिनों के भीतर हैं, वे COVID-19 से संपर्क के बाद कम-से-कम 5 दिनों के लिए घर पर ही रहते हुए संगरोध (क्वॉरंटीन) में रहें और दिन 10 तक मास्क पहनें; और,

**जबकि**, CDC मार्गदर्शन ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि जो व्यक्ति COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आए हैं वे परीक्षण में पॉज़िटिव आने के बाद कम-से-कम 5 दिनों तक घर पर ही रहते हुए पृथकवास (आइसोलेशन) में रहें और दिन 10 तक मास्क पहनें; और,

**जबकि**, CDC ने यह अनुशंसा जारी रखी है कि यदि विद्यार्थियों, अध्यापकों, और स्टाफ़ में किसी में संक्रामक रोग, जिसमें COVID-19 शामिल है, के लक्षण हों तो वे घर पर ही रहें; और,

**जबकि**, स्कूलों को CDC मार्गदर्शन की अनुरूपता में यह ज्ञात/निर्धारित करने में अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभागों का सहयोग जारी रखना चाहिए कि COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आए या इसके संपर्क में आए किन विद्यार्थियों, अध्यापकों, और स्टाफ़ को स्कूल समुदाय के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए घर पर ही रहना चाहिए; और,

**जबकि**, फेडरल सेंटर्स फॉर मेडिकेयर एंड मेडिकेड सर्विसेज (CMS) की आवश्यकता है की संघ-प्रमाणित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के कर्मचारियों को COVID-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीके लगे हों, और दृढ़ता से यह सिफारिश करता है की संघ-प्रमाणित लॉन्ग-टर्म देखभाल और कुशल नर्सिंग सुविधाओं के कर्मचारी COVID-19 टीकाकरण पर अप-टू-डेट रहें; तथा,

**जबकि**, सीएमएस के लिए आवश्यक है कि दीर्घकालिक देखभाल और कुशल नर्सिंग सुविधाओं के कर्मचारी जो अपने टीकाकरण पर अप-टू-डेट नहीं हैं, उनका सप्ताह में कम से कम एक बार परीक्षण किया जाना चाहिए यदि COVID-19 सामुदायिक संचरण का स्तर मध्यम है तो, और प्रति सप्ताह कम से कम दो बार यदि COVID-19 सामुदायिक प्रसारण का स्तर पर्याप्त या अधिक हो तोे; यदि COVID-19 कम्युनिटी ट्रांसमिशन का स्तर कम है तो साप्ताहिक परीक्षण की आवश्यकता नहीं है; तथा,

**जबकि,** 34, 300 से अधिक इलिनॉय वासियों के दुखद नुकसान के कारण और दस हज़ार से अधिक लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के अलावा, COVID-19 ने राष्ट्र और राज्य भर में व्यापक आर्थिक नुकसान किया है और एक महत्वपूर्ण संख्या में व्यक्तियों और व्यवसायों के वित्तीय कल्याण के लिए खतरा बना हुआ है; और,

**जबकि**, COVID-19 महामारी के प्रभाव के कारण देश भर में स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी हो गई है, जो इलिनॉय में स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण को प्रभावित कर रहा है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल में कर्मचारियों, बिस्तरों और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता शामिल है। राज्य संचालित सुविधाओं सहित सुविधाएं; तथा,

**जबकि**, राज्य में कई कार्यकारी एजेंसियां अपने सीमित संसाधनों को COVID-19 महामारी के लिए जारी प्रतिक्रिया पर केंद्रित करना जारी रखे हुए हैं; और,

जबकि, 22 जुलाई, 2022 को, कोविड-19 (COVID-19) के जारी प्रसार के अपेक्षित रूप से जारी रहने, और राज्य भर के लोगों द्वारा आगामी महीनों में जो लगातार जारी स्वास्थ्य संबंधी एवं आर्थिक प्रभाव महसूस किए जाएंगे उनपर विचार करते हुए, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**जबकि**, ऊपर वर्णित महामारी आपातकालीन और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के जवाब में, मुझे कार्यकारी आदेश 2020-09, 2020-20, 2020-21, 2020-23, 2020-24, 2021-12, 2021-18, 2021-22, 2021-28, 2021-31, 2022-06, को फिर से जारी करना आवश्यक पाता हूं, और उन कार्यकारी आदेशों के जबकि खंडों को एतद्द्वारा समाविष्ट करता हूं;

**अतः**, इलिनॉय के राज्यपाल के रूप में मुझे प्राप्त शक्तियों द्वारा, और इलिनॉय के संविधान एवं इलिनॉय आपातकाल प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (इलिनॉय एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305 के अनुभागों 7(1), 7(2), 7(3), 7(8), 7(9), और 7(12) के अनुसरण में, और सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों में निहित शक्तियों की संगति में, मैं एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश देता हूं जो 22 जुलाई, 2022 से प्रभावी होगा:

**भाग 1: कार्यकारी आदेशों का पुनः जारी करना।**

कार्यकारी आदेश 2020-09, 2020-20, 2020-21, 2020-23, 2020-24, 2021-12, 2021-18, 2021-22, 2021-28, 2021-31, और 2022-06 को निम्नवत एतद्द्वारा पुनः जारी किया जाता है:

**कार्यकारी आदेश 2020-09 (दूरस्वास्थ्य (टेलिहेल्थ)):**

कार्यकारी आदेश 2020-09 के अनुभाग 9 और 10, जैसे कार्यकारी आदेश 2021-15 द्वारा संशोधित हैं, को पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है। कार्यकारी आदेश 2020-09 के अनुभाग 10 को 17 सितंबर, 2022 तक रद्द किया जाएगा।

**कार्यकारी आदेश 2020-20 (सार्वजनिक सहायता आवश्यकताएँ):**

कार्यकारी आदेश 2020-20 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2020-21 (इलिनॉय सुधार विभाग (llinois Department of Corrections) के कैदियों का थोड़े दिनों का अवकाश):**

कार्यकारी आदेश 2020-21 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2020-23 (आपदा प्रतिक्रिया में संलग्न लाइसेंसशुदा पेशेवरों के लिए इलिनॉय वित्तीय एवं पेशेवर नियमन विभाग (Illinois Department of Financial and Professional Regulation) द्वारा की गई कार्रवाइयां):**

कार्यकारी आदेश 2020-23 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2020-24 (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्युमन सर्वसिज़ फोरेंसिक ट्रीटमेंट प्रोग्राम):**

कार्यकारी आदेश 2020-24 के अनुभाग 1 और 3, जैसे कार्यकारी आदेश 2022-15 द्वारा संशोधित हैं, को पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2021-12 (चरण 5 दोबारा खोलना):**

कार्यकारी आदेश 2022-12 द्वारा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-12 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2021-18 (शमन के उपाय):**

कार्यकारी आदेश 2021-19, कार्यकारी आदेश 2022-06 और कार्यकारी आदेश 2022-10 द्वारा यथा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-18 को इसकी संपूर्णता में फिर से जारी किया गया है और **20 जुलाई, 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2021-22 (टीकाकरण और परीक्षण आवश्यकताएँ):**

कार्यकारी आदेश 2021-23, कार्यकारी आदेश 2021-27, और कार्यकारी आदेश 2022-05 और कार्यकारी आदेश 2022-16 द्वारा यथा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-22 के अनुभाग 2, 3, 5, 6, 7, 8, और 9 को **20 जुलाई, 2022** तक फिर से जारी और विस्तारित किया गया है।

**कार्यकारी आदेश 2021-28 (डे केयर टीकाकरण और परीक्षण आवश्यकताएँ):**

कार्यकारी आदेश 2021-30 द्वारा संशोधित कार्यकारी आदेश 2021-28 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**कार्यकारी आदेश 2021-31 (पेशेवर परामर्शदाताओं, नैदानिक पेशेवर परामर्शदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नैदानिक सामाजिक कार्यकर्ताओं और नैदानिक मनोवैज्ञानिकों के लिए आवश्यकताओं का निलंबन):**

कार्यकारी आदेश 2021-31 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त, 2022** तक बढ़ाया जाता है। कार्यकारी आदेश 2021-31 को 17 सितंबर, 2022 तक रद्द किया जाएगा।

**कार्यकारी आदेश 2022-06 (चेहरा ढांकने की आवश्यकताएं):**

कार्यकारी आदेश 2022-11 द्वारा संशोधित कार्यकारी आदेश 2022-06 अपनी संपूर्णता में पुनः जारी किया जाता है एवं **20 अगस्त 2022** तक बढ़ाया जाता है।

**भाग 2: संचय खंड (सेविंग्स क्लौज़)।** यदि इस सरकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध ठहराया जाता है, तो यह अवैधता किसी अन्य प्रावधान या इस सरकारी आदेश के लागू करने को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अवैध प्रावधान के या आवेदन के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस सरकारी आदेश के प्रावधानों को पृथक्करणीय घोषित किया गया है।

____________________

**जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), राज्यपाल (गवर्नर)**

राज्यपाल (गवर्नर) द्वारा जारी 22 जुलाई, 2022
राज्य सचिव (सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट) द्वारा दायर 22 जुलाई, 2022